# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी १९३४ से




5 भीषण बारिश और बाढ़ की चपेट में उत्तर भारत



6 मेजर ध्यानचंद खेल भावना के प्रतीक



7 फार्मा उद्योग अमेरिकी टैरिफ से बाहर



8 तीसरे दौर में सबालेंका और अल्काराज

## एक नजर में



### भारत-कनाडा रिश्तों में नई शुरुआत : पटनायक

**नयी दिल्ली.** भारत और कनाडा ने एक-दूसरे के लिए नए उच्चायुक्त नियुक्त कर संबंधों में नई शुरुआत की है. भारत की ओर से वरिष्ठ राजनयिक दिनेश के. पटनायक को कनाडा में उच्चायुक्त बनाया गया है. वे 1990 बैच के आईएफएस अधिकारी हैं और वर्तमान में स्पेन में भारत के राजदूत हैं. वहीं, कनाडा ने क्रिस्टोफर कूटर को भारत में अपना नया उच्चायुक्त नियुक्त किया है. कूटर 35 साल के कूटनीतिक अनुभव वाले अधिकारी हैं और 1998-2000 के बीच नई दिल्ली स्थित कनाडाई मिशन में भी कार्य कर चुके हैं. पिछले कुछ वर्षों में खालिस्तानी अलगाववाद और राजनीतिक बयानों के कारण दोनों देशों के संबंध तनावपूर्ण रहे थे. खासकर हरदीप सिंह निज्जर हत्या मामले में कनाडा के आरोपों के बाद रिश्तों में खटास गहराई.

### आईजीआई एयरपोर्ट पर 70 लाख का सोना बरामद

**नई दिल्ली.** राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग ने सोना तस्करी की बड़ी कोशिश नाकाम कर दी. अधिकारियों ने एक यात्री के पास से करीब 70 लाख रुपये मूल्य का 716.5 ग्राम सोना बरामद किया है. यह यात्री 24 अगस्त को जेद्दा से कुवैत होते हुए फ्लाइट संख्या केयू-383 से नई दिल्ली पहुंचा था. सूत्रों के अनुसार यात्री जब टर्मिनल-3 के ग्रीन चैनल से बाहर निकलने की कोशिश कर रहा था, तभी एपीआईएस प्रोफाइलिंग के आधार पर उसे रोक लिया गया. तलाशी के दौरान उसके सामान से सफेद चिपकने वाले टेप में लिपटी दो लंबी पट्टियां मिलीं, जिनमें पेस्ट के रूप में सोना छुपाया गया था. इस पेस्ट से बाद में एक असमान आकार का सोने का बिस्किट निकाला गया.


### स्कूल में गोलीबारी से दो बच्चों की मौत, 17 घायल

**नयी दिल्ली.** अमेरिका के मिनेसोटा स्थित एनाउंसिएशन कैथोलिक स्कूल में बुधवार सुबह सामूहिक प्रार्थना सभा के दौरान हुई अंधाधुंध गोलीबारी ने दहशत फैला दी. हमले में दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि 14 अन्य बच्चे और तीन बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए. हमलावर ने हथियारों की मैगजीन पर किल डोनाल्ड ट्रंप और भारत पर परमाणु बम गिराओ जैसे कई आपत्तिजनक संदेश लिखें थे. पुलिस के अनुसार वेस्टमैन ने हमले के बाद खुद को भी गोली मार ली थी. एफबीआई ने हमलावर की पहचान 23 वर्षीय ट्रांसजेंडर रॉबिन वेस्टमैन के रूप में की है, जिसने राइफल, पिस्तौल और बंदूक से दर्जनों राउंड फायरिंग की.

# देश हित में पारदर्शी नेतृत्व

## संघ प्रमुख ने भ्रष्टाचार पर लाए गए नये बिल का समर्थन किया

**नई दिल्ली, 28 अगस्त. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने दिल्ली में पत्रकारवार्ता के दौरान कहा कि यह धारणा गलत है कि संघ सरकार और पार्टी के हर फैसले तय करता है. हम सलाह दे सकते हैं, लेकिन निर्णय सरकार करती है. संघ सब कुछ तय करता है, यह बिल्कुल गलत है.**



भागवत ने संघ के सौ साल पूरे होने पर तीन दिवसीय व्याख्यान माला के तीसरे दिन गुरुवार को विज्ञान भवन में आयोजित 100 वर्ष की संघ यात्रा, नये क्षितिज पर कहा कि हमारा बहुधर्मी देश है लेकिन हमारे संस्कार और संस्कृति एक है यह भावना हर भारतवासी में होनी चाहिए.

बीजेपी अध्यक्ष के चुनाव पर संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा मैं शाखा चलाने में माहिर हूं, भाजपा सरकार चलाने में माहिर है. हम एक-दूसरे को सिर्फ सुझाव दे सकते हैं. भाजपा के नए अध्यक्ष के फैसले में हो रही देरी पर आरएसएस प्रमुख भागवत ने चुटकी लेते हुए कहा, आप अपना समय लें, हमें कुछ कहने की जरूरत नहीं है. संघ प्रमुख ने भ्रष्टाचार पर लाए गए नये बिल का समर्थन किया और कहा कि नेतृत्व स्वच्छ और पारदर्शी होना चाहिए. उन्होंने कहा कि सरकार और पार्टी को एक पेज पर होना चाहिए तथा राज्य सरकारों से भी संघ के संबंध बने हुए हैं. संघ प्रमुख ने याद दिलाया कि आरएसएस ने हमेशा विभाजन का विरोध किया है. उन्होंने कहा कि गांधी जी से लेकर अबुल कलाम तक सभी महान नेताओं ने विभाजन का विरोध किया था. भागवत ने कहा कि भारतीय या हिंदी कहो, इसमें कोई अंतर नहीं है हम सब हिंदी बोलते हैं. भागवत ने कहा कि हिंदू और मुस्लिम में केवल पूजा-पद्धति का अंतर है. यह कहना गलत है कि इस्लाम भारत में नहीं रहेगा. आपसी विश्वास बेहद जरूरी है. भाषण में ही नहीं, बल्कि व्यवहार में भी समभाव होना चाहिए. उन्होंने जातिवाद को विकास की सबसे बड़ी बाधा बताया. भागवत ने आक्रांताओं के नाम पर रखे गए स्थानों के नाम बदलने की बात कही और कहा कि भारत की पहचान उसकी परंपरा और संस्कृति से है.

> **डेमोग्राफी और घुसपैठ चिंता का विषय**
>
> भागवत ने डेमोग्राफी में हो रहे बदलावों को गंभीर चिंता का विषय बताते हुए कहा कि घुसपैठ हर हाल में रोकी जानी चाहिए और सरकार इस दिशा में काम कर रही है. उन्होंने कहा कि अपने देश के नागरिकों के लिए रोजगार सुरक्षित रहना चाहिए. साथ ही उन्होंने कहा कि जन्मदर तीन से कम नहीं होनी चाहिए, अन्यथा समाज धीरे-धीरे समाप्त हो जाएगा.

### दो मंत्रियों को धमकी देने वाला युवक गिरफ्तार

**गिरिडीह, 28 अगस्त.** झारखंड के गिरिडीह जिले से संबंधित एक सनसनीखेज मामले में पुलिस ने दो मंत्रियों को जान से मारने की धमकी देने वाले युवक को बिहार की राजधानी पटना से बुधवार को ही गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपी की पहचान अंकित मिश्रा के रूप में हुई है, जो गिरिडीह के राजेन्द्र नगर इलाके का निवासी बताया जा रहा है. आरोपी अंकित मिश्रा ने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी और नगर विकास मंत्री सह गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू को उड़ाने की धमकी दी थी.




प्रधानमंत्री मोदी से प्रेरित स्वदेशी आंदोलन का जश्न !


## सीएस अनुराग जैन को मिला एक वर्ष का एक्सटेंशन

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 28 अगस्त. प्रदेश के मौजूदा मुख्य सचिव अनुराग जैन को एक वर्ष का एक्सटेंशन मिल गया है. अब वे अगले एक वर्ष तक प्रदेश के मुख्य सचिव बने रहेंगे. सामान्य तौर पर मुख्य सचिव को एक बार में 6 माह का एक्सटेंशन दिया जाता है, लेकिन जैन को एक बार में ही पूरे एक वर्ष का एक्सटेंशन दिया गया है.**



सीएम डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार देर शाम को एक्स पर इस संबंध में जानकारी साझा की. उन्होंने एक्स पर सीएस जैन के साथ उनका एक फोटो पोस्ट किया, साथ ही कहा कि मप्र शासन के मुख्य सचिव अनुराग जैन जी आपको कार्यकाल एक वर्ष बढ़ाये जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं. आपके दीर्घ प्रशासनिक अनुभव, नवाचारों और सतत प्रयासों से प्रदेश की विकास यात्रा निरंतर नए प्रतिमान स्थापित करे, मेरी मंगलकामनाएं.

मुख्यमंत्री गुरुवार को दोपहर बाद दिल्ली पहुंच गये थे. बताया जा रहा है कि दिल्ली में उच्च स्तर से मिले संदेश और संकेत के बाद सीएस का कार्यकाल बढ़ाये जाने का निर्णय लिया गया.

## देश में पहली बार एक साथ पांच वकीलों को सजा

- पत्रकार पर हमले में देश का ऐतिहासिक फैसला
- 16 साल पुराने केस में पांच वकील दोषी करार
- चार को सात साल का कारावास, एक को तीन साल की साधारण कैद

नव भारत न्यूज

**इंदौर. पत्रकारों पर बढ़ते हमलों के बीच इंदौर की अदालत ने गुरुवार को ऐसा फैसला सुनाया है जिसे देशभर में ऐतिहासिक माना जा रहा है. 16 साल पुराने मामले में पत्रकार पर जानलेवा हमले के दोषी पाए गए पांच वकीलों को अदालत ने सजा सुनाई.**




24वीं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत ने जिन चार वकीलों को सात सात साल का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है, उनमें धर्मेन्द्र शर्मा, शैलेन्द्र शर्मा व भवेन्द्र शर्मा व पुरुषोत्तम राय है तथा पांचवे आरोपी सुरेन्द्र शर्मा जिनकी उम्र लगभग 90 वर्ष की होने से उन्हें तीन वर्ष की साधारण कैद की सजा दी गई है. संभवतः यह देश का पहला प्रकरण है जिसमें एक ही मामले में पांच वकीलों को एकसाथ दंडित किया है. मामला वर्ष 2009 का है, उज्जैन न्यायालय परिसर में पांचों वकीलों ने पत्रकार घनश्याम पटेल पर हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाई थीं. हमले के दौरान उनकी लाइसेंसी रिवॉल्वर, सोने की चेन और घड़ी भी लूट ली गई थी. घटना के बाद पीड़ित पत्रकार लंबे समय तक उज्जैन और फिर इंदौर के अस्पताल में भर्ती रहे. अभियोजन के अनुसार, घटना से पहले आरोपियों ने पत्रकार को जान से मारने की धमकी भी दी थी. हमले के बाद आरोपियों ने अपने बचाव में एक एडिटेड सीडी न्यायालय में पेश की थी. जांच में पाया गया कि उसमें चोट और हमले के दृश्य छेड़छाड़ कर हटाए गए थे. अदालत ने इसे गंभीर अपराध मानते हुए सभी को हत्या के प्रयास का दोषी ठहराया.

# विरार में अपार्टमेंट गिरने से 17 लोगों की मौत

**मुंबई, 28 अगस्त (वार्ता). महाराष्ट्र में पालघर जिले के विरार क्षेत्र में एक अपार्टमेंट का कुछ हिस्सा ढह जाने की घटना में 17 लोगों की मौत हो गयी है. उल्लेखनीय है कि बुधवार को आधी रात के बाद विजय नगर में चार मंजिला रमाबाई अपार्टमेंट के पिछले हिस्से के गिर जाने से यह दर्दनाक हादसा हुआ.**



विरार पुलिस के वरिष्ठ पुलिस इंस्पेक्टर लालू तुरे ने मृतकों की संख्या की पुष्टि करते हुए बताया कि बुधवार की रात 12.05 बजे अचानक रमाबाई अपार्टमेंट का पिछला हिस्सा गिर जाने से कई लोग मलबे के नीचे दब गए. उन्होंने बताया कि बचाव कार्य अभी भी जारी है, वसई-विरार नगर निगम दमकल कर्मी और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के कर्मी घटनास्थल से मलबा हटाने में लगे हुए हैं. मृतकों की पहचान आरोही ओमकार जोविल (24), उत्कर्षा जोविल, लक्ष्मण किस्कू सिंह (26), दिनेश प्रकाश सकपाल (43), सुप्रिया निवादकर (38), अर्नव निवादकर (11), पार्वती सकपाल, दीपेश सोनी (41), सचिन नेवादकर (40), हरीश सिंह बिष्ट (34), सोनाली रूपेश तेजम (41), दीपक सिंह बोहरा (25), कशिश पवन साहनी (35), सुभांगी पवन साहनी, गोविंद सिंह रावत (28) के रूप में हुई है.

> **मृतक के परिजनों को पांच लाख**
>
> मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, इस दुख की घड़ी में हम शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं. साथ ही उन्होंने मृतकों के परिजनों को पांच लाख रुपए देने की भी घोषणा की. पुलिस ने बताया कि अपार्टमेंट बनाने वाले नितल गोपिनाथ साने पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और उसे गिरफ्तार भी कर लिया गया है.

# भारत पर डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार सलाहकार का दबाव

## पीटर नवारो ने कहा- 'रूसी तेल रोको तो घटेगा 25 प्रतिशत टैरिफ'

**नई दिल्ली, 28 अगस्त. अमेरिका ने भारत पर 27 अगस्त से 50 प्रतिशत टैरिफ लगाकर साफ संदेश दिया है कि छूट तभी मिलेगी जब नई दिल्ली रूसी तेल खरीद बंद करे. राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने कहा कि भारत को तुरंत 25 प्रतिशत की राहत मिल सकती है, बशर्ते वह रूस की वॉर मशीन को फंड करना बंद करे. हालांकि भारत ने अमेरिकी दबाव को सिरे से खारिज कर दिया है.**



नवारो ने आरोप लगाया कि भारत सस्ता रूसी तेल खरीदकर रिफाइन करता है और ऊंचे दामों पर बेचकर अप्रत्यक्ष रूप से रूस को यूक्रेन युद्ध के लिए धन मुहैया कराता है. उन्होंने कहा, यह मोदी की जंग है, क्योंकि इसका बोझ अमेरिकी टैक्सपेयर्स उठा रहे हैं.

इसी बीच, ट्रंप के शीर्ष आर्थिक सलाहकार केविन हैसेट ने भी चेतावनी दी कि अगर भारत नहीं झुका तो टैरिफ हटाना संभव नहीं होगा. उन्होंने भारत पर अमेरिकी उत्पादों के लिए बाजार न खोलने और अड़ियल रवैया अपनाने का आरोप लगाया.

भारत का रुख स्पष्ट है कि वह ऊर्जा सुरक्षा और किसानों के हित से कोई समझौता नहीं करेगा. प्रधानमंत्री मोदी ने दोहराया कि देश का संप्रभु अधिकार है कि वह जहां से चाहे तेल खरीदे.


विशेषज्ञ मानते हैं कि इस टैरिफ वार से 48.2 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर असर पड़ सकता है, लेकिन भारत झुकने के बजाय आत्मनिर्भर नीति पर कायम है. यह विवाद अब केवल व्यापार नहीं, बल्कि वैश्विक ऊर्जा राजनीति का हिस्सा बन चुका है.

> **भारत को नुकसान नहीं**
>
> अमेरिका द्वारा भारत से निर्यात होने वाले कई उत्पादों पर 50 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाए जाने के बाद केंद्र सरकार ने स्थिति को गंभीर लेकिन नियंत्रण में बताया है. वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि इस फैसले का तात्कालिक असर टेक्सटाइल, केमिकल और मशीनरी जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर जरूर देखने को मिलेगा, लेकिन दीर्घकालिक दृष्टि से भारत को भारी नुकसान नहीं होगा. अधिकारी ने बताया कि प्रभावित उद्योग लगातार मंत्रालय से संपर्क कर रहे हैं और अपने सुझाव साझा कर रहे हैं.

# नेपाल के रास्ते बिहार में घुसे तीन आंतकवादी

- पुलिस ने पूरे राज्य में जारी किया हाई अलर्ट
- तीनों आतंकियों पर 50 हजार का ईनाम किया घोषित

**पटना, 28 अगस्त (वार्ता). बिहार में नेपाल के रास्ते तीन आतंकवादियों के घुसने के बाद पूरे राज्य में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है. तीनों आतंकियों पर 50 हजार का ईनाम घोषित किया गया है.**



पुलिस मुख्यालय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकी नेपाल के रास्ते बिहार में घुसे हैं. इनमें हसनैन अली (रावलपिंडी निवासी), आदिल हुसैन (उमरकोट निवासी) और मोहम्मद उस्मान (बहावलपुर निवासी) शामिल हैं.


पुलिस ने तीनों आतंकियों के नाम और तस्वीरें सार्वजनिक कर दी हैं. इनके पासपोर्ट से जुड़ी जानकारी भी साझा की गई है. बताया जा रहा है कि ये आतंकी अगस्त के दूसरे हफ्ते में काठमांडू पहुंचे और तीसरे हफ्ते में नेपाल बॉर्डर से बिहार में दाखिल हुए. आशंका है कि ये किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे.

> जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर में सुरक्षा बलों द्वारा घुसपैठ की कोशिश नाकाम करने के बाद गुरुवार को दो अज्ञात आतंकवादी मार गिराए. जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा संभावित घुसपैठ की कोशिश के बारे में दी गई विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर, भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने नियंत्रण रेखा के पास नौशेरा नर इलाके में एक संयुक्त अभियान शुरू किया.

**पीएम मोदी का एक्स पर ट्वीट** | पिछले 11 वर्ष में जन धन योजना के तहत अब तक 56.21 करोड़ बैंक खाते खोले गये

# जन धन योजना ने दिया किस्मत संवारने का मौका

**नयी दिल्ली, 28 अगस्त (वार्ता). प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जन धन योजना के 11 साल पूरे होने के मौके पर गुरुवार को कहा कि इसने अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को भी वित्तीय तंत्र से जोड़ा और उन्हें अपनी किस्मत खुद संवारने का मौका दिया.**



प्रधानमंत्री जन धन योजना की शुरुआत 28 अगस्त 2014 को हुई थी. इस अवसर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी आधिकारिक पोस्टों पर प्रतिक्रिया देते हुये मोदी ने लिखा, जब अंतिम छोर पर मौजूद लोग वित्तीय तंत्र से जुड़ते हैं तो पूरा देश एक साथ तरक्की करता है. पीएम जन धन योजना की यही उपलब्धि रही है. इसने लोगों को आत्मसम्मान दिलाया और उन्हें अपनी किस्मत खुद लिखने की ताकत दी.

वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, जन धन योजना के तहत अब तक 56.21 करोड़ बैंक खाते खोले गये हैं जिनमें कुल 2,65,503 करोड़ रुपये की राशि जमा है. जन धन खाताधारकों को 38 करोड़ से ज्यादा निःशुल्क रुपे कार्ड जारी किये गये हैं जिससे डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा मिला है. वहीं, 13.55 लाख बैंक मित्र लोगों को बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं जिनके लिए पहले बैंक जाना होता था.

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस मौके पर अपने संदेश में कहा कि वित्तीय समावेशन, आर्थिक वृद्धि और विकास का एक प्रमुख चालक है. बैंक खातों तक सार्वभौमिक पहुंच गरीबों और वंचित वर्ग के लोगों को औपचारिक अर्थव्यवस्था में पूरी तरह से भाग लेने और इसके अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम बनाती है. उन्होंने कहा कि बैंक खाते खुलने के बाद प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के जरिये लोगों को कई तरह की सुविधाएं प्रदान की गईं.

> **मोदी की यात्रा से भारत-जापान संबंध होंगे प्रगाढ़**
>
> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम पन्द्रहवें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने टोक्यो रवाना हो रहे हैं. यह उनकी जापान की आठवीं यात्रा है. जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के निमंत्रण पर हो रही इस दो दिवसीय यात्रा को रक्षा, व्यापार, निवेश और बुनियादी ढांचे में सहयोग की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है.



## राहुल ने माता जानकी का लिया आशीर्वाद

**सीतामढ़ी, 28 अगस्त.** इंडिया गठबंधन की 'वोट अधिकार यात्रा' गुरुवार को सीतामढ़ी पहुंचे. लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने यहां माता जानकी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और फिर अपनी यात्रा को आगे बढ़ाया.

इस दौरान गठबंधन के प्रमुख नेताओं तेजस्वी यादव, मुकेश सहनी और दीपांकर भट्टाचार्य ने भी उनका साथ दिया. रुन्नी सैदपुर की सभा में राहुल गांधी ने केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला. उन्होंने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सरकार पर सवाल खड़े किए और आरोप लगाया कि गरीब और वंचित परिवारों का वोट चोरी किया जा रहा है.

## गुस्ताखी माफ

